प्रेस नोट **20.03.2023**

02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट की मोबाइलफोन व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद–

दिनांक 19.03.2023 को रात्रि थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मीपुर बन्धा रोड़ चौराहे के पास से ऋषिकेश यादव पुत्र सुरेश यादव निवासी लक्ष्मीपुर थाना मधुबन, गुरूनरायण यादव पुत्र रामभवन यादव निवासी उपरोक्त के कब्जे से लूट की मोबाइलफोन व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.03.2023 को कुवरपुरवा में साइकिल सवार एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा झपट्टा मार कर मोबाइल लूट लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अज्ञात अभियुक्तो के विरूद्ध मु0अ0सं0 87/23 धारा 356 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया तथा बरामद मोटरसाइकिल वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

94 शीशी अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 20.03.2023 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान सब्जी मण्डी कस्बा मधुबन से सोनू गौड़ पुत्र सुभाष गौड़ निवासी छपराभंगी थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से 94 शीशी (200 एमएल) अवैध देशी शराब बन्टी बबली बरामद कर गिरफ्तार किया गयाा। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 82/23 धारा 60 आबकारी अधिनिमय का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

लूट की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट की मोबाइलफोन बरामद–

आज दिनांक 20.03.2023 को थाना रानीपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 49/23 धारा 394,411 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण सूरेश पुत्र सुरेन्द्र, रोशन पुत्र हेमन्त निवासीगण खड़गिलिया थाना मुहम्मबाद जनपद मऊ के कब्जे से दिनांक 17.03.2023 को भैसही नदी पुलिया के पास से व्यक्ति से लूटी गयी मोबाइलफोन बरामद कर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 20.03.2023 को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जमुआबारी से मु0अ0सं0 77/23 धारा 354,323,504 भादवि0 व धारा 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दिनेश पुत्र सरभुलाल निवासी जमुआबारी थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

शांति भंग की आशंका में 20 व्यक्ति व एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 20.03.2023 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सिकन्दर प्रजापति निवासी परदहा थाना कोतवाली, समकरन राजभर निवासी रामपुर छावनी थाना भीमपुरा जनपद बलिया, थाना मधुबन पुलिस द्वारा पकौड़ी, लखपति, रेहाना, सद्दाम, बेगम, सोनी निवासीगण लालनपुर, मनोज कुमार निवासी भवरापुर, जितेन्द्र निवासी सीसवा, रमाशंकर, मूकेश, उदयभान, बब्बन, चन्दन, लक्ष्मण निवासीगण सिघासन थाना मधुबन, थाना रामपुर पुलिस द्वारा नन्दलाल निवासी अल्लीपुरा, नागेन्द्र निवासी जोडनपुर, हरिशंकर निवासी अल्लीपुरा, कलाम निवासी कुटियामाफी थाना रामपुर जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी तथा थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त भीम पुत्र स्व0 रामदेव निवासी टमटा दुबारी थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।